भारत सरकार

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

औषध विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1095

दिनांक 03 दिसम्बर, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

उत्तर प्रदेश में जन-औषधि बिक्री केन्द्र

1095. श्री अरुण कुमार सागर:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों विशेषकर शाहजहांपुर संसदीय क्षेत्र में गरीबों के लिए जन-औषधि बिक्री केंद्र खोलने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक मंत्री (डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख): दिनांक 28.11.2021 तक की स्थिति के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य में लगभग 1,177 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) हैं, जिनमें से 6 पीएमबीजेके शाहजहांपुर जिले में कार्यात्मक हैं। राज्य में कार्यात्मक इन 1,177 पीएमबीजेके में से 62 नीति आयोग द्वारा चिह्नित आकांक्षी जिलों में कार्यात्मक हैं। उत्तर प्रदेश में कार्यात्मक पीएमबीजेके की जिलेवार-सूची **अनुलग्नक-I** के रूप में संलग्न है और उत्तर प्रदेश में पीएमबीजेके की आकांक्षी जिलेवार सूची क्रमशः **अनुलग्नक-II** के रूप में संलग्न है।

प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) की कार्यान्वयन एजेंसी, फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) ने 1,000 पीएमबीजेके खोलने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के साथ दिनांक 10.08.2017 को एक समझौता ज्ञापन किया है। दिनांक 28.11.2021 तक, राज्य के विभिन्न जिलों में 140 पीएमबीजेके खोले जा चुके हैं।

पीएमबीजेपी केंद्र खोलने में तेजी लाने के लिए उत्तर प्रदेश सहित राज्य सरकारों को औषध विभाग/पीएमबीआई द्वारा नियमित रूप से विभिन्न स्तरों पर पत्र भेजे जाते हैं। पीएमबीआई ने जुलाई, 2021 में एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) जारी कर उत्तर प्रदेश के 10 जिलों सहित देश के 265 जिलों में पीएमबीजेके खोलने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

अनुलग्नक-I

उत्तर प्रदेश में जन औषधि केंद्र के संबंध में श्री अरुण कुमार सागर द्वारा दिनांक 03.12.2021 के लिए लोकसभा में उठाए गए अतारांकित प्रश्न संख्या 1095 के भाग (क और ख) का संदर्भित विवरण

दिनांक 28.11.2021 तक उत्तर प्रदेश में कार्यात्मक पीएमबीजेके की जिलेवार-सूची		
क्रम संख्या	**जिलों के नाम**	**कार्यात्मक पीएमबीजेके की संख्या**
1	आगरा	25
2	अलीगढ़	17
3	अम्बेडकर नगर	6
4	अमेठी	10
5	अमरोहा	35
6	औरैया	3
7	अयोध्या	23
8	आजमगढ़	18
9	बागपत	10
10	बहराइच	9
11	बलिया	11
12	बलरामपुर_यूपी	6
13	बांदा	5
14	बाराबंकी	4
15	बरेली	31
16	बस्ती	7
17	भदोही	5
18	बिजनौर	15
19	बदांयू	10
20	बुलंदशहर	22
21	चंदौली	16
22	चित्रकूट	3
23	देवरिया	27
24	एटा	7
25	इटावा	4
26	फर्रुखाबाद	3
27	फतेहपुर	14
28	फिरोजाबाद	6
29	गौतम बुद्ध नगर	18
30	गाज़ियाबाद	75
31	गाजीपुर	9
32	गोंडा	14
33	गोरखपुर	33
34	हमीरपुर	1
35	हापुड़	8
36	हरदोई	2

37	हाथरस	2
38	जालौन	4
39	जौनपुर	11
40	झांसी	16
41	कन्नौज	4
42	कानपुर देहात	1
43	कानपुर नगर	25
44	कासगंज	3
45	कौशाम्बी	5
46	खेरी	22
47	कुशी नगर	11
48	ललितपुर	1
49	लखनऊ	95
50	महाराजगंज	12
51	महोबा	1
52	मैनपुरी	2
53	मथुरा	18
54	मऊ	15
55	मेरठ	85
56	मिर्जापुर	12
57	मुरादाबाद	20
58	मुजफ्फरनगर	32
59	पीलीभीत	9
60	प्रतापगढ़	11
61	प्रयागराज	19
62	रायबरेली	15
63	रामपुर	21
64	सहारनपुर	44
65	संभल	14
66	संत कबीर नगर	1
67	शाहजहांपुर	6
68	शामली	8
69	श्रावस्ती	3
70	सिद्धार्थ नगर	4
71	सीतापुर	19
72	सोनभद्र	7
73	सुल्तानपुर	24
74	उन्नाव	6
75	वाराणसी	57
कुल		**1177**

अनुलग्नक-II

<u>उत्तर प्रदेश में जन औषधि केंद्र के संबंध में श्री अरुण कुमार सागर द्वारा दिनांक 03.12.2021 के लिए लोकसभा में उठाए गए अतारांकित प्रश्न संख्या 1095 के भाग (क और ख) का संदर्भित विवरण</u>

दिनांक 28.11.2021 तक उत्तर प्रदेश में कार्यात्मक पीएमबीजेके की आकांक्षी जिलेवार-सूची		
क्रम संख्या	**जिलों के नाम**	**कार्यात्मक पीएमबीजेके की संख्या**
1	बहराइच	9
2	बलरामपुर	6
3	चंदौली	16
4	चित्रकूट	3
5	फतेहपुर	14
6	श्रावस्ती	3
7	सिद्धार्थनगर	4
8	सोनभद्र	7
कुल		**62**

*****